


# College Cleanness Campaign

## 1-15 July 2019




Scanned with CamScanner

सीहोर भास्कर

# एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश, कॉलेज में पौधे लगाए

भास्कर संवाददाता | सीहोर




शासकीय चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में बुधवार को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इसके उपलक्ष्य में एनसीसी कैडेट्स ने नगर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही कॉलेज परिसर में सफाई कर पौधे लगाए गए।

4 बटालियन एनसीसी भोपाल के निर्देशन पर पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। कैडेट्स ने परिसर में कचरे की सफाई की। इसके बाद स्वच्छता व प्रदूषण संबंधी एक जागरूकता रैली नगर में निकाली गई। इस बीच भोपाल नाका पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें स्वच्छता संदेश देकर लोगों से अपने घर व आसपास गंदगी न करने व करने देने के साथ ही सफाई रखने की मांग की। वहीं गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत कॉलेज परिसर में जयस्तंभ के समीप पौधे लगाए गए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता ने नीम के पौधे का रोपण किया। वहीं परिसर में पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण के लिए छात्रों को शपथ दिलाई। एनसीसी अधिकारी डॉ. उदय डोलस ने बताया कि 1 जुलाई से 14 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।




Scanned with CamScanner

पत्रिका. शुक्रवार, 12 जुलाई, 2019

सीहोर पत्रिका

नुक्कड़ नाटक और रैली निकाल कर समझाया स्वच्छता का महत्व

# एनसीसी कैडेट्स ने बताए क्लीन सिटी के फायदे

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



सीहोर ◆ नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। एनसीसी कैडेट्सों ने अभिनय के जरिए अच्छे स्वास्थ्य के लिए साफ-सफाई, गंदगी से होने वाली बीमारी, शहर को साफ बनाने में आम लोगों की भूमिका का संदेश दिया। साथ ही समझाया कि अगर स्वच्छता रहेगी तो बीमारियों भी दूरभागेंगी।

चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्सों ने स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया। सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्सों द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इसके पश्चात स्वच्छता एवं प्रदूषण संबंधी एक जागरूकता रैली नगर में निकाली गई। भोपाल नाका की भीड़भाड़ वाली जगह पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा नागरिकों के सम्मुख एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें स्वच्छता संदेश को बेहतरीन ढंग से समझाया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहरवासियों को कूड़ा इधर-उधर न फैलाने की सीख दी।

लोगों से अपील की कि उन्हें स्वयं के साथ आस पास के वातावरण को भी साफ रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी अधिकारी डॉ.उदय डोलस सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।




Scanned with CamScanner




# Tree Plantation & Nukkad Nattak




Scanned with CamScanner

सीहोर


भोपाल, गुरुवार 03 अक्टूबर 2019

जागरूकता • शहर में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर हुए कई आयोजन, स्कूलों और कॉलेजों में हुईं कई प्रतियोगिताएं

# स्वच्छता के लिए प्रभात फेरी और रैली निकाली

## भाषण, नारा लेखन और काव्य पाठ से दिया बापू का संदेश, नशे की लत को दूर करने के लिए हुई कार्यशाला

भास्कर संवाददाता | सीहोर





महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर नगर में कई आयोजन हुए। इनमें शिक्षण संस्थाओं के अलावा राजनीतिक दलों व अन्य सामाजिक संगठनों ने प्रभात फेरी और दौड़ के आयोजन किए। साथ ही भाषण, नारा लेखन और काव्य पाठ से बापू के संदेश से लोगों को अवगत कराते हुए स्वच्छता के लिए जागरुक किया।

**चंद्रशेखर आजाद शासकीय पीजी कॉलेजः** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महात्मा गांधी की जयंती पर रंगारंग एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाली। रघुपति राघव राजाराम के भजन के साथ इसका शुभारंभ किया। फिट इंडिया प्लोगिंग के तहत दो किलोमीटर दौड़ में सहभागिता कर प्लास्टिक सहित अन्य कचरा उठाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता एवं महात्मा गांधी विषयक नाटकों की प्रस्तुतियां दीं। निहारिका गुप्ता ने वैष्णव जन गाकर समा बांधा तो वहीं काव्य पाठ में प्रथम उमेश पंसारी, भाषण में प्रथम निहारिका गुप्ता, नारा लेखन में प्रथम तरुण श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। आएके कॉलेजः कॉलेज के डीन डॉ. एचडी वर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम हुआ। छात्रा शालू राजपूत, विभूति चौकसे एवं शेजल ठाकुर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीके रैदास ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. मोली सक्सेना, डॉ. पीएस रघुवंशी ने गांधी जी की लिखी पुस्तक हिंद स्वराज का वाचन किया। स्वच्छता से संबंधित भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला एवं प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र राहुल पहाड़े एवं आभार डॉ. बीआर बरैया ने माना।

**संकल्प नशा मुक्ति केन्द्रः** गांधी जयंती पर मद्य निषेध सप्ताह के पहले दिन रैली निकाली गई। शहर के बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर से रैली की शुरूआत की गई। गुरुवार को शहर के पल्टन एरिया स्थित माडल हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों में नशे की लत को दूर करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा।

**उत्कृष्ट विद्यालयः** गांधी जयंती पर उत्कृष्ट विद्यालय एवं संकल्प नशा मुक्ति ने नशा के प्रति जागरुकता के लिए रैली निकाली। संस्था प्रभारी प्राचार्य अशोक राठौर एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र राय ने हरी झंडी दिखाकर बस स्टैंड सीहोर से रवाना किया। रैली में 295 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### रामधुन के साथ निकाली प्रभात फेरी

कांग्रेस के तत्वाधान में राष्ट्रपिता की जयंती पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुबह 6 बजे रामधुन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 10 बजे कोतवाली चौराहे से पदयात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी पार्क पहुंची। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नईम नवाब और ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष भूरा यादव के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजनों ने गांधी जी को याद किया। इस मौके पर सुरेश गुप्ता, ओमदीप, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दामोदर राय, दर्शन वर्मा, राजाराम कसोटिया, राजेंद्र वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, प्रेमबंधु शर्मा, ओमकार यादव, केयू कुरैशी, राकेश वर्मा, नावेद खान, पंकज शर्मा आदि थे।

### पुष्पांजलि अर्पित कर कराया लोगों को भोजन

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गांधी उद्यान तहसील चौराहा पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष राहुल यादव के नेतृत्व में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके बाद रैन बसेरा पहुंचकर जरूरतमंदों को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। जिला कांग्रेस सेवादलः बुधवार को नसरुल्लांगज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सेवादल अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले, संजय मालवीय, भागीरथ कटारे मौजूद थे। इस मौके पर सेवादल ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जसबंत सिंह, सुमेरसिंह भाटी, भगवान सिंह कुशवाह, विजय श्रीवास्ताव, मुजीब खान, मनोज मेहरा, मोहन सिंह पंवार आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**जिला अभिभाषक संघः** महात्मा गांधी जयंती पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इनमें जिला एवं सत्र न्यायधीश राजवर्धन गुप्ता, तृतीय सत्र न्यायधीश स्मृता सिंह, सुदर्शन महाजन, कमर अहमद सिद्दीकी ,शैलेंद्र नागोत्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिवलाल केवल, न्यायिक मजिस्ट्रेट जफ़र इकबाल, युगल रघुवंशी, भारत सिंह रघुवंशी, रिनी खान, ऋचा भटेजा, के शिवानी, शरद जोशी, आजाद पराशर, शैलेंद्र आर्य, राजेंद्र ठाकुर, राजेंद्र कुशवाहा, राजेश काशिव आदि मौजूद थे। इस मौके पर संगीत महाविद्यालय के छात्रों ने भजनों की प्रस्तुति दी। इनमें पंडित वासुदेव मिश्रा, प्रमोद जोशी, मांगीलाल ठाकुर आदि के नेतृत्व में एमएलबी व सेंट एनीस के छात्रों ने संगीतमय प्रस्तुति दी। संचालन नरेंद्र शर्मा और लखन सिंह परमार ने किया। आभार देवेंद्र वर्मा ने माना।

### रक्तदान कर मनाई जयंती

बुधवार को अरोरा परिवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रक्तदान किया। इस मौके पर भवप्रीत अरोरा ने बताया कि अपने पूर्वजों की स्मृति में रक्तदान कर अनेक लोगों की जान बचा सकते हैं।

Scanned with CamScanner

## LIST OF CADETS (Blood donation)

# C.S.A Govt P.G College Sehore (M.P)

## NCC DAY BLOOD DONATION

DATE:- 25-NOV 2019

| S.NO. | REGIMENTAL NO. | NAME | CLASS | AGE YEAR | WEIGHT KG |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP/19/SD/A/104160 | RAVI SURYAVANSI | B.A. I YEAR | 18 | 52 |
| 2 | MP/19/SD/A/104150 | YASH TYAGI | B.Sc I YEAR | 18 | 57 |
| 3 | MP/19/SD/A/104163 | SUNIL DHAKAD | B.A. I YEAR | 20 | 64 |
| 4 | MP/19/SD/A/104155 | CHETAN VISWAKARMA | B.A. I YEAR | 20 | 58 |
| 5 | MP/19/SD/A/104141 | GABBAR SINGH | B.A. I YEAR | 19 | 60 |
| 6 | MP/19/SD/A/104152 | AKASH SEN | B.COM I YEAR | 18 | 59 |
| 7 | MP/17/SD/A/104146 | LATEEF CHOUHAN | M.A. I YEAR | 22 | 51 |
| 8 | MP/18/SD/A/104168 | ROHIT | B.A. II YEAR | 19 | 60 |
| 9 | MP/18/SD/A/104152 | RAHUL MALVIYA | B.A. II YEAR | 21 | 52 |
| 10 | MP/18/SD/A/104134 | ANITRAM | B.Sc II YEAR | 19 | 54 |
| 11 | MP/18/SD/A/104151 | PRADEEP MALVIYA | B.A. II YEAR | 18 | 58 |
| 12 | MP/18/SD/A/104141 | JITENDRA YADAV | B.COM II YEAR | 19 | 55 |
| 13 | MP/16/SD/A/104148 | OMPRAKASH | B.A. II YEAR | 18 | 62 |
| 14 | MP/17/SD/A/104156 | SUNIL UIKEY | B.A. III YEAR | 21 | 56 |
| 15 | MP/17/SD/A/104138 | GANGARAM AHIRWAR | B.A. III YEAR | 21 | 60 |
| 16 | MP/17/SD/A/104132 | BANE SINGH VERMA | B.Sc bio III YEAR | 20 | 65 |
| 17 | MP/17/SD/A/104145 | KULDEEP | B.A. III YEAR | 21 | 55 |
| 18 | MP/16/SD/A/104173 | DEEPAK KUMAR | B.A. III YEAR | 20 | 65 |
| 19 | MP/17/SW/A/104162 | POOJA CHOUDHARI | B.Sc III YEAR | 18 | 50 |
| 20 | MP/19/SW/A/104164 | MANISHA SEN | B.COM I YEAR | 18 | 54 |
| 21 | MP/19/SW/A/104162 | DIVYA MALVIYA | B.A. II YEAR | 18 | 44 |
| 22 | MP/19/SW/A/104165 | NEHA | BSc. I YEAR | 17 | 42 |

Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | MP/19/SW/A/104173 | ASHIYA | BSc. II YEAR | 19 | 45 |
| 24 | MP/19/SW/A/104169 | SIMRAN | B.A. I YEAR | 18 | 46 |
| 25 | MP/17/SW/A/104167 | SARASWATI BARELA | B.A. III YEAR | 18 | 45 |
| 26 | MP/17/SW/A/104159 | JYOTI PRAJAPATI | MSc I YEAR | 20 | 46 |
| 27 | MP/18/SW/A/104161 | ALKA MALVIYA | B.A. III YEAR | 19 | 44 |

# Social Service Activity 2019-20

## April 2019

- COLLEGE CHALO ABHIYAN SEHORE
- Collection of NCC Cadets JAN-DHAN Bank Accounts.

## May 2019

- World NO Tubacco Day 31 May 2019
- Anti Tubacco Day Rally & Manav Shrinkhala

## June 2019

- World Environment day 5 June 2019
- International Yoga Day -21 June 2019

Scanned with CamScanner

Skill India
कौशल भारत–कुशल भारत

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
(An Affiliated Training Part

उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश ( सेडमैप ) CEDMAP
( म.प्र. शासन, केन्द्रीय वित्तीय संस्थाओं एवं राज्य के अग्रणी बैंकों द्वारा प्रवर्तित )

Centre for Entrepreneurship Developm
Madhya Pradesh (CEDMAP)
(Sponsored by Govt. of M.P., Central Financial Institutions & Lead Banks of th

AN ISO 9001-2008 ORGANISATION

25.02.2020

To,

The Principal
C.S.A. Govt P.G. College
Sehore (M.P.)

Respected Madam,

Our organization (CEDMAP) under Swami Vivekanand Career guidance at your college organized a one Month training programme on Chemical Products. It has been successfully completed on 27/12/2019. The Duration of the Programme was 27/11/2019 to 27/12/2019. The total number of Students Successfully attend the the programme are 65. Please issue cheque of Rs. 30,000/- in favour of CEDMAP, Bhopal.

Details of CEDMAP, Account enclosed with this letter.

I am highly obliged.

Thanking You

1- Detail of CEDMAP Account

Your Sincerely
25/02/2020
Talha Usmani
District Coordinator
CEDMAP, Sehore

25/2/2020

Scanned with CamScanner

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

N·S·D·C
National Skill Development Corporation
(An Affiliated Training Partner)

उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश ( सेडमैप ) CEDMAP
( म.प्र. शासन, केन्द्रीय वित्तीय संस्थाओं एवं राज्य के अग्रणी बैंकों द्वारा प्रवर्तित )

Centre for Entrepreneurship Development Madhya Pradesh (CEDMAP)
(Sponsored by Govt. of M.P., Central Financial Institutions & Lead Banks of the State)

AN ISO 9001-2015 ORGANISATION

क्र. – सेडमैप/आरटीसी/भोपाल/2019/157 दिनांक – 26/11/2019

प्रति,

प्राचार्य,
चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय,
सीहोर (म.प्र.)

विषयः स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ करने की सूचना संबंधी।

संदर्भः आदेश क्रमांक 3833, सीहोर दिनांक 25.11.2019।

विषयांतर्गत लेख है की आपके द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत 30 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आदेश दिया गया है। जिस संबंध में आपको अवगत कराना चाहेंगे कि उक्त कार्यक्रम आपके महाविद्यालय में दिनांक 27.11.2019 से प्रारंभ किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कार्यक्रम हेतु राशि रू.30,000/– संस्थान को अग्रिम प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद!

(रवि कान्त मिश्रा)
क्षेत्रीय समन्वयक
सेडमैप, भोपाल (म.प्र.)

डॉ० रोहिला नियमानुसार
27.11.19

2805/19
27/11/19

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर

Ph.No. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mpcolleges.nic.in/sehore




क्र.949/2020 सीहोर दि. 26.02.2020

**प्रतिवेदन जानकारी**

प्रति,

श्रीमान निर्देशक
स्वामी विवेकानन्द कॅरियर
मार्गदर्शन प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा
म.प्र.शासन, भोपाल

विषय :- कौशल विकास प्रशिक्षण की उपयोगिता

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि महाविद्यालय स्थल पर ही सेडमेप भोपाल द्वारा दिनांक 27.11.2019 से 27.12.2019 कौशल विकास प्रशिक्षण **"रसायन उत्पाद"** पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के 65 विद्यार्थियों को दिया गया है।

कौशल विकास प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को रसायन उत्पाद फिनाईल, डिश वाश, हेण्ड वाश, कोलीन, डीओ,ईजीवाश और डिटर्जेंट बनाना सिखाया गया है एवं 65 विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु उत्पादन तैयार करने के लिये छोटे बड़े पेमाने की मशीन की जानकारी दी गयी, कच्चा माल के स्त्रोत बताये गये एवं लागत लाभ विश्लेषण किया जाकर बाजार में इन उत्पादो में लाभ का मार्जिन 30-40 प्रतिशत होता है। वित्त व्यवस्था हेतु बैंक, जिला उधोग एवं व्यापार केन्द सीहोर द्वारा प्रोजेक्ट प्रस्ताव बनाने एवं स्वीकृत अर्थोरिटी से संबंधित सम्पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

अतः निकट भविष्य में महाविद्यालय स्तर पर उत्पादन सेल ओर विपणन सेल स्थापित करने के लिये अनुमति/स्वीकृति एवं वित्त प्रदान करने का कष्ट करें।

26/2/20
संयोजक
स्वामी विवेकानन्द केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

26.02.2020
(डॉ. आशा गुप्ता)
प्राचार्य

Scanned with CamScanner

**Office of the Principal Chandra Shekhar Azad Govt P.G. Lead College Sehore**

Ph.No. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mpcolleges.nic.in/sehore




# DEVELOPMENT OF ICT & COMMUNICATION SKILLS AMOUNG STUDENTS

## 2019-20

After studing this course The Student will be able to understand the basics of ICT & computing skills. The learning programme contents are :-

1. **INTRODUCTION TO COMPUTER**

Basic Organization of computer system: Block diagram & Functions (central Processing Unit, input/output Unit, storage unit) : Characteristics; capabilities & Limitations type Of Computing Devices: Desktop, Laptop & Notebook Smart-Phone, Tablet PC, Server, Workstation & their Characteristics.

Primary Memory & Their Type : RAM,ROM,PROM EPROM, EEPROM; Cache Memory.

**PERIPHERAL DEVICES**

**Input Devices:** Keyboard, Mouse, Trackball, Joystick, Digitized or Graphic tablet, Scanners, Digital Camera, Web Camera, MICR, OCR, OMR, Bar -code Reader ,Voice Recognition Device , Light Pen & Touch Screen.

**Output Devices:** Display Devices (CRT, TFT, LCD, LED Multimedia Projectors); Video Standard : VGA ,SVGA , XGA etc. Impact Printers (Daisy Wheel , Dot Matrix & Line printer) Non impact printer (inkjet laser, Thermal).

**STORAGE DEVICES:** Magnetic Tape, cartridge, Data Drives, Hard Disk Drives (Internal & External), Floppy Disk ,CD, VCD, CD-RW, Zip Drive, DVD, DVD-RW, USB Flash Drive, BlueRay Disc & Memory Cards.

2. **OPERATING SYSTEM (OS)**

**DOS Basic :** Fat , File & Directory Structure and naming rules, Booting Process DOS System Files. Internal & External DOS Commands.
Windows Basics ( Only elementary ides): Windows 7 & 8 Desktop, Control, Panel, Saving, renaming, moving, coping and searching files & folders, restoring from recycle Bin , Creating shortcut, Establishing Network connections.

3. **MS WORD**

Text Editing And Formatting Using word 2007 & onwards : creating documents using Template; Saving word file in various file formats; previewing documents, printing documents to file /page ; protecting document ; editing of selected text , inserting , Deleting and Moving Text. Formatting documents; page layout , paragraph format, Aligning text arid paragraph Borders and Shading , headers and footers.

4. **MS Power Point & MS Excel**

- Creating presentation using slide master and template in various themes & variants.
- Working with slides: New slide, move, copy, delete, duplicate, slide layouts,presentation view.
- Format menu: Font, paragraph, drawing & Editing
- Printing presentation: print slides, notes, hand outs and outlines
- Saving presentation in different file formats.
- Workbook & Worksheet Fundamentals: concept of Row, column & cell; creating a new workbook through blank & template.
- Working with worksheet: Entering data into worksheet (General, Number, Currency, Date, Time, Text, Accounting, etc); Renaming, Copying, inserting, deleting & protecting worksheet.
- Working with Row & Column (inserting, deleting, pasting, Resizing & Hiding), Cell & cell formatting, Concept of range.

## 5. INTERNET AND CYBER SECURITY

- Internet world wide web dial up connectivity , leased line Vsat, Broad Band , wi- Fi URI , Domain name , web Browser (internet Explorer , Firefox ,Google Chrome ,Opera ,Uc Browser ect.) search Engine (Google , Bin ,Ask etc.), website; static & Dynamic , Difference Between Website & Portal.
- E-mail: Account opening , sending & Receiving Amils Manging Contacts &Folders.
- E-mail, internet & social Networking Ethics
- Types of viruses & antivirus
- Computer security issues & its protection through firewall & antivirus
- Making secured online transactions.

**TABLE -1 : NO. OF STUDENTS BENIFIETED BY ICT & COMMUNICATION SKILLS**

| S.No. | Session | Student stream | No. of Students | Total Students |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | Science | 293 | 692 |
| | | Arts | 269 | |
| | | Commerce | 130 | |

हरि भूमि Page 12

14.2.2020

किया जाएगा।

### महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया आयोजन


हरिभूमि Page 12 14.2.2020

# नुक्कड़ नाटक से हुआ स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन पखवाड़े का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि से स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन अभियान प्रारंभ किया गया था जिसके समापन अवसर पर गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर किया गया। जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी क्षमा बर्वे ने जानकारी दी कि 30 जनवरी को कुष्ठ रोग उन्मूलन पखवाड़े का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रारंभ किया गया था।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान को कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध के तौर पर संचालित किया गया था। पीजी कॉलेज के छात्रों ने आज कुष्ठ उन्मूलन अभियान पर नुक्कड़ नाटक की शानदान प्रस्तुत देकर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का संदेश दिया कि कुष्ठ रोग के रोगाणु वायु मण्डल से हमारे शरीर में प्रवश करते हैं। चमड़ी मर चमड़ी के रंग से फीका पीला या समतल या उभरा हुआ दाग धब्बा जिसमें सुन्नपन हो कुष्ठ हो सकता है। आयोजित नुक्कड़ नाटक में बाबाओं के चक्कर में ना पड़कर चिकित्सक को तुरंत दिखाने की सलाह भी दी गई।



सीहोर। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से किया जागरूक।

इस अवसर पर बडी संख्या में अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित थे। छात्रों को जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी क्षमा बर्वे, कालेज की प्राचार्य डॉ उर्मिला सलूजा, एनएसएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार बरबडे, डॉ पुष्पा दुबे, डॉ.रूकसाना अंजुम खान डॉ हीना धुर्वे, मीडिया सलाहकार शैलेष कुमार, सुपरवाइजर. कमरूद्दीन अंसारी द्वारा संबोधित किया गया। नुक्कड नाटक के मंचन में महाविद्यालय के छात्र विनोद भिलाला, भारत मीना, शीतल दांगी, रानी सूर्यवंशी, विजेन्द्र मालवीय, इरशाद खान, कोमल, शिवानी, हिमांशु धुर्वे, सचिन मालवीय, सूरज विश्वकर्मा ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रस्तुती दी। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने नागरिकों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही बीते दिनों से चल रहे कुष्ठ उमूलन पखवड़े का समापंन किया गया।

Scanned with CamScanner

# नुक्कड़ नाटक से हुआ स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन पखवाड़े का समापन



**सीहोर।**

30 जनवरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि से स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन अभियान प्रारंभ किया गया था जिसके समापन अवसर पर आज 13 फरवरी को चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर किया गया।

जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी क्षमा बर्वे ने जानकारी दी कि 30 जनवरी 2020 को कुष्ठ रोग उन्मूलन पखवाड़े का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रारंभ किया गया था। उल्लेखनीय है कि इस अभियान को कुष्ठ के विरूद्ध युद्ध के तौर पर संचालित किया गया था। पीजी कॉलेज के छात्रों ने आज कुष्ठ उन्मूलन अभियान पर नुक्कड़ नाटक की शानदान प्रस्तुत देकर सभी का मन मोह लिया।

छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का संदेश दिया कि कुष्ठ रोग के रोगाणु वायु मण्डल से हमारे शरीर में प्रवेष करते हैं। चमड़ी पर चमड़ी के रंग से फीका पीला या समतल या उभरा हुआ दाग धब्बा जिसमें सुन्नपन हो कुष्ठ हो सकता है। नाटक में बाबाओं के चक्कर में ना पड़कर चिकित्सक को तुरंत दिखाने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर बडी संख्या में अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित थे। छात्रों को जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी क्षमा बर्वे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.उर्मिला सलूजा, एन.एस.एस.के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार बरबड़े, डॉ.पुष्पा दुबे, डॉ.रूकसाना अंजुम खान डॉ.हीना धुर्वे, मीडिया सलाहकार शैलेष कुमार, सुपरवाइजर कमरूद्दीन अंसारी द्वारा संबोधित किया गया। नाटक के मंचन में छात्र विनोद भिलाला, भारत मीना, शीतल दांगी, रानी सूर्यवंशी, विजेन्द्र मालवीय, इरशाद खान, कोमल, शिवानी, हिमांशु धुर्वे, सचिन मालवीय, सूरज विश्वकर्मा ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रस्तुती दी।

नई दुनिया
14.2.2020
Page 10

Scanned with CamScanner